तापमान

अधिकतम 24 .4 डिग्री
न्यूनतम 7 .6 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 फरवरी 2025



12 नशा मुक्ति अभियान की दिशा में किसी भी प्रकार...





12 यूजीसी की नई गाइडलाइन के अनुसार हो रहे पीएचडी के ...




## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की 60 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की 60 बोतल के साथ दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपी की पहचान हांसी की न्यू माडल टाउन कालोनी निवासी विनय व हिसार के सेक्टर 1-4 निवासी पुनित के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान प्रेम नगर हांसी में दो व्यक्तियों को शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली तो उनके पास अवैध अंग्रेजी शराब 48 की बोतल व 12 बोतल बीयर बरामद हुई।



हांसी। बीमा किस्त जमा करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करन

### बीमा की किश्त का झांसा देकर 51 हजार ठगे

**हांसी।** साइबर थाना क्राइम हांसी पुलिस ने बीमा की किश्त का डर दिखाकर 51,125 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार गया जिले के गांव करपी निवासी सोनू के रूप में हुई है। गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 25 सितंबर को गांव बडाला निवासी कृष्ण को बैंक का नकली कर्मचारी बनकर जीवन बीमा की किस्त जमा करवाने का झांसा देकर 51125 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### हत्या प्रयास मामले में दो आरोपी दो गिरफ्तार

**हिसार।** नई सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में दो आरोपियों टिब्बा दानाशेर निवासी मोंटी सरबटा और समीर उर्फ मोटा मुल्ला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। चौकी प्रभारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों मोंटी सरबटा और समीर उर्फ मोटा मुल्ला ने अपने साथियों सहित पिछले वर्ष 22 दिसंबर की शाम को सब्जी मंडी गेट के सामने रामनगर रायपुर रोड निवासी राहुल मनकस और शिव नगर निवासी तनुज पर हमला कर उन्हें जानलेवा चोटें मारी। इसके बारे में रायपुर रोड निवासी राहुल मनकस ने नई सब्जी मंडी चौकी में नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला कर चोटें मारने, सोने की चैन तोड़ने सहित नकदी छीनने के बारे में शिकायत दी थी।

# चुनाव की घोषणा: होली से पहले चुनी जाएगी नगर निगम की नई सरकार

- करीब एक साल की देरी से हो रहे निगम चुनाव के लिए 2 मार्च को होगा मतदान
- 2 लाख 68 हजार 325 मतदाता चुनेंगे शहर की नई सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। इसके चलते विकास कार्यों के लिए नए टेंडर नहीं निकाले जा सके, जबकि जो विकास कार्य पहले से चल रहे हैं, वे यथावत जारी रहेंगे। नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 11 फरवरी से शुरू होगी और मतदान 2 मार्च को होगा। होली से पहले शहर की नई सरकार को चुना लिया जाएगा। यहां बात दें कि हिसार नगर निगम के लिए करीब एक साल की देरी से चुनाव हो रहे हैं।

### भाजपा से सरदाना बने थे मेयर



पिछले नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए कुल 22 प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी गौतम सरदाना तथा कांग्रेस समर्थित रेखा ऐरन के बीच रहा था, जिसमें गौतम सरदाना मेयर निर्वाचित हुए थे। गौतम सरदाना 28 हजार 91 वोटों से विजयी रहे थे। सरदाना को 68 हजार 191 तथा रेखा ऐरन को 40 हजार 105 वोट मिले थे। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में सरदाना ने टिकट काटने से नाराज होकर भाजपा को अलविदा कर दिया था और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा, मगर उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते भाजपा को मेयर पद के लिए किसी नए चेहरे की तलाश है।

### निगम क्षेत्र में 20 वार्ड के लिए 238 बूथ बनाए

निगम क्षेत्र के 2 लाख 68 हजार 325 मतदाता शहर की सरकार चुनेंगे। निगम चुनाव को लेकर 20 वार्डों में 238 बूथ बनाए गए हैं। निगम एरिया में वोटों के लिहाज से सबसे ज्यादा वार्ड नंबर एक तथा सबसे कम मतदाता वार्ड नंबर 6 में है। वार्ड एक में कुल मतदाता 17 हजार 111 तथा वार्ड 6 में 10 हजार 437 है। निगम के 20 वार्डों से पार्षदों के अलावा लगातार दूसरी बार मेयर का निर्वाचन निगम की आम जनता द्वारा किया जाएगा। पिछली बार भाजपा प्रत्याशी गौतम सरदाना मेयर पद पर निर्वाचित हुए थे। उधर, भाजपा तथा कांग्रेस खेमे से इस बार मेयर पद के लिए कई दावेदार है, जोकि लंबे समय से मेयर पद के लिए लॉबिंग करने में जुटे हुए हैं।

### सबसे ज्यादा मतदाता वाले टॉप तीन वार्ड

| वार्ड नंबर | अब मतदाता |
|---|---|
| 1 | 17111 |
| 9 | 16155 |
| 7 | 16033 |

### सबसे कम मतदाता वाले टॉप तीन वार्ड

| वार्ड नंबर | अब मतदाता |
|---|---|
| 6 | 10437 |
| 4 | 10955 |
| 13 | 10960 |

### यह रहेगा चुनावी शेड्यूल

| | |
|---|---|
| नामांकन | 11 फरवरी से 17 फरवरी तक |
| नाम वापसी | 18 फरवरी |
| मतदान | 2 मार्च |
| जरूरत पड़ने पर रिपोलिंग | 9 मार्च |
| मतगणना | 12 मार्च |

| वार्ड | मतदाता |
|---|---|
| 1 | 17111 |
| 2 | 14075 |
| 3 | 12901 |
| 4 | 10955 |
| 5 | 12106 |
| 6 | 10437 |
| 7 | 16033 |
| 8 | 14324 |
| 9 | 16155 |
| 10 | 12353 |
| 11 | 12588 |
| 12 | 15273 |
| 13 | 10960 |
| 14 | 13239 |
| 15 | 14141 |
| 16 | 13495 |
| 17 | 13414 |
| 18 | 14330 |
| 19 | 12548 |
| 20 | 11887 |
| कुल | 268325 |

### आरक्षित वार्ड का विवरण

| श्रेणी | वार्ड |
|---|---|
| एससी | 16 व 18 |
| एससी महिला | 9 |
| बीसी ए | 20 |
| बीसी ए महिला | 3 |
| बीसी बी महिला | 15 |
| सामान्य वर्ग महिला | 1, 6, 10 , 14 |
| ओपन वार्ड | 2, 4, 5, 7, 8,11, 12, 13,17,19 |

### नगर पालिका चुनाव की बजी रणभेरी

**नारनौंद।** नारनौंद के लोगों को करीब डेढ़ वर्ष से नगर पालिका के चुनाव का इंतजार था। चुनाव का इंतजार था जिनका इंतजार खत्म हो गया है। दो मार्च को वोटिंग होगी और लोगों को नया चेयरमैन मिल जाएगा।

नारनौंद नगर पालिका में कल 14081 वोट है। जिनमें 7378 पुरुष मतदाता ओए 6702 महिला मतदाता है। एक वोट किन्नर समाज का हैं। अबकी बार 16 वार्ड बनाए गए है। इससे पहले पिछले चुनाव में 13 वार्ड थे। अबकी बार जनसंख्या को देखते हुए तीन नए वार्ड बढ़ाए गए हैं। चुनाव ईवीएम मशीन से होंगे। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जैसे ही चुनाव की घोषणा हुई तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्योंकि पिछले काफी समय से विकास के कार्य नहीं हो पा रहे थे। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शमशेर लोहान, संदीप सिंह, अमित कुमार ने बताया कि पिछले काफी समय से विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे। शहर की मुख्य सड़क पर पिछले काफी सालों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। चुनाव के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि वह इस शहर का अंधेरा दूर करेगा। इस संबंध में नगर पालिका के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। 16 वार्ड बनाए गए है। मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। चुनाव ईवीएम मशीन से होगा।

## विज्ञान और तकनीक मानव के विकास की यात्रा के केंद्र बिंदू

# विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्व गुरु बनकर उभर रहा भारत: बिश्नोई

### गुजवि में तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव का शुभारंभ कई प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय विज्ञान उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुआ। यह आयोजन सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साईंस एंड टेक्नोलॉजी, हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी, जिला प्रशासन तथा गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय परिषद, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और विज्ञान तथा तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे, जबकि एसपीएसटीआई के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस), अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विज्ञान और तकनीक मानव की विकास यात्रा के केंद्र बिंदु हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा विज्ञान की प्रगति ने दुनिया को अविश्वसनीय तरीके से बदल दिया है। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि भारत भी विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्व गुरु बनकर उभर रहा है। कुलपति ने कहा कि मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शोध, नवाचार तथा तकनीकी विकास को रेखांकित करते हैं। विज्ञान में वैश्विक चुनौतियों से निपटने की क्षमता है।

साइंस उत्सव के नोडल ऑफिसर डीन एफपीएसटी प्रो. सुजाता सांघी ने स्वागत सम्बोधन दिया तथा बताया कि मंगलवार को उत्सव में यूजी व पीजी विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, टेलीस्कॉप मेकिंग कार्यशाला, साइंस मेजिक शो तथा स्काईवाच जैसे रूचिकर एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम हुए। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में 75 विद्यार्थियों तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। उत्सव में विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विभिन्न मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगी हुई है। डीन एफईएसटी प्रो. आशा गुप्ता भी कार्यक्रम में मौजूद रही।



हिसार। विज्ञान उत्सव का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।



हिसार। विज्ञान उत्सव में मॉडल प्रदर्शनी का देखते विद्यार्थी।

### विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का आधार : धर्मवीर

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं सोसायटी के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का मूल आधार है। हमारी रसोई अपने आप में एक प्रयोगशाला है। अगर हम विज्ञान को अपने दैनिक जीवन से जोड़ लें तो यह मुश्किल नहीं, बल्कि एक सरल विषय है। उन्होंने हिसार का उदाहरण देते हुए कहा कि इस शहर का तेजी से हुआ विकास विज्ञान की देन है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे विज्ञान का आनंद लें तथा टेक्स्ट बुक्स जरूर पढ़ें। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में रोजगार के भी बहुत अवसर हैं। विद्यार्थी इनका लाभ अवश्य उठाएं।

### विद्यार्थी अपनी रुचि की किताबें अवश्य पढ़ें : एडीसी

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने विद्यार्थियों से कहा कि वे प्रतिदिन 20 मिनट अपनी रुचि की किताबें अवश्य पढ़ें। कम से कम सप्ताह में एक घंटा अपनी रुचि के विषय के शोध से संबंधित ज्ञान को प्राप्त करने में लगाएं व तकनीक का प्रयोग करें। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर, एसपीएसटीआई के सचिव प्रो. केया धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं में ये रहे विजयी

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुजवि के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के अक्षय, सौरभ व अजीत की टीम ने तथा द्वितीय स्थान गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय हिसार की रेनुका भारद्वाज, राकेश व मुस्कान राठी ने प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर गुजवि के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के पीयूश, देबजीत दे व अंकित सिंह रहे।

# मंगाली में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

- तीन साल पहले ननिहाल में रहने वाली साक्षी से की थी लव मैरिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव मंगाली में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में पंखे पर रस्सी के फंदे में लटकता मिला। पता चलने पर परिजनों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी।

मंगाली गांव के जोकर ने बताया कि चचेरे भाई कमल के पिता रामभगत और मां का काफी साल पहले निधन हो गया था। उसके बड़े भाई का भी करीब दस साल पहले निधन हो गया था। उसके बाद कमल अपने मामा के पास नारनौंद क्षेत्र में रहता था। उसने करीब तीन साल पहले ननिहाल में रहने वाली साक्षी से लव मैरिज की थी। उसके बाद वह मंगाली में आकर रहने लगा। ननिहाल में लव मैरिज करने के चलते उसके मामा ने भी दूरी बना ली थी। कमल अब पत्नी और डेढ़ साल के बच्चे के साथ गांव में ही रहता था और एल्युमिनियम के गेट बनाने का काम करता था। उसने कुछ दिन पहले अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी। करीब सात दिन पहले पत्नी उसको छोडक़र मायके चली गई थी। उसके बाद वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगा और शराब का सेवन भी करने लगा। जोकर ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद उसकी मां राजपती कमल के घर के बाहर खड़ी थी। कमल दिखाई न देने पर वह अंदर गई तो देखा कि उसने पंखे पर रस्सी के जरिए फंदा लगाया हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

## न्यूज डायरी






हिसार। साइबर थाना के दौरे पर आए एफजीएफ कॉलेज के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य तथा उन्हें जानकारी देते पुलिस कर्मचारी।

### विद्यार्थियों ने किया साइबर थाने का दौरा

**हिसार।** एफजीएम गवर्नमेंट कॉलेज आदमपुर के विद्यार्थियों ने हिसार साइबर थाने की विजिट की। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशानुसार मुख्य सिपाही नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर थाने की पूरी कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया गया। विद्यार्थियों ने साइबर थाना पुलिस के साथ साइबर अपराध से बचनें बारे विस्तार से विचार विमर्श किया। मुख्य सिपाही नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि पुलिस द्वारा देश में बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर नागरिकों में जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराध से संबंधित खतरों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना है। विद्यार्थियों के साथ समाजशास्त्र विभाग कें हेड प्रो. सुखदेव वर्मा, कामर्स विभाग से नेहा गोयल के साथ 40 विद्यार्थियों ने हिसार साइबर थाना की विजिट की।



हांसी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश भडाना को चेक भेंट करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

### सीएसआर फंड के तहत चार स्कूलों को दिए 1.25 लाख

**हांसी।** ऑटो मार्केट स्थित आईडीबीआई बैंक परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर हलके चार सरकारी स्कूलों को 1.25 लाख रुपये की राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भयाना ने कहा कि (सीएसआर) सामाजिक दायित्व नीति योजना के तहत बैंकों द्वारा समय-समय पर समाज उत्थान में गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। आईडीबीआई बैंक द्वारा भी इस योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में और सुविधाएं जुटाने के लिए यह राशि उपलब्ध करवाई गई है। इस राशि से विद्यालयों में बच्चों की सुविधा के लिए बेंच, पंखे, फर्नीचर व वाटर कुलर इत्यादि चीज खरीद सकते हैं।

### खेत में बने कमरों से सामान चोरी, एक काबू

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने गांव कैमरी स्थित खेत में बने कमरों से सामान चोरी के मामले में सिवानी क्षेत्र के भेरां गांव निवासी संजय को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश ने बताया कि इस संबंध में साकेत कॉलोनी निवासी नरेंद्र सिंह ने पिछले वर्ष 6 नवंबर को मंगाली पुलिस चौकी में कैमरी स्थित खेत में बने कमरों से सामान चोरी होने के बारे शिकायत दी थी। कमरों का ताला तोड़ किसी अज्ञात ने ट्यूबवेल के दो पंखे, पाइप, गेहूं और पानी की टंकी, इनवर्टर बैटरी और गैस सिलेंडर चोरी किया है।

### शेयर मार्केट में लाभ दिलाने का झांसा दे 35 लाख रुपये की ठगी मामले में एक गिरफ्तार

हिसार हिसार साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में लाभ दिलाने के नाम पर की गई 35 लाख रुपए की ठगी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अशोक नगर मध्यप्रदेश निवासी सुरेंद्र सिंह लोधी के रूप में हुई है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष 28 अक्टूबर को एनसीसीआरपी पोर्टल से हिसार साइबर थाना में हिसर निवासी एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में 35 लाख रुपए की ठगी बारे शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के अनुसार पांच सितंबर को शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में काम को लेकर मैसेज आया और उसकी सहमति के बाद उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। साथ ही उसका ट्रेडिंग अकाउंट बनाया। शिकायत के अनुसार 30 सितंबर को व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन के कहने पर शिकायतकर्ता ने 50 हजार रुपए एक बैंक अकाउंट में जमा करवाए। जितनी भी बार वह पैसे भेजता उसके ट्रेडिंग अकाउंट में प्रॉफिट के साथ सब कुछ दिखाई देता। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने ग्रुप एडमिन के कहने पर 30 सितंबर से 23 अक्टूबर 2024 तक 35 लाख रुपए अलग अलग तारीख पर अलग अलग बैंक खातों में भेज दिए। जब शिकायतकर्ता ने ट्रेडिंग अकाउंट से पैसे निकालने चाहे तो उससे प्रॉफिट के 10 प्रतिशत और जमा करवाने को कहा और उसका ट्रेडिंग अकाउंट भी बंद कर दिया। इस पर शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ। उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता से ठगी गए गई धनराशि में से 14 लाख रुपये उपरोक्त आरोपी सुरेन्द्र सिंह लोधी के बंधन बैंक अकाउंट में जमा किए गए।

### हरि नगर में सीवरेज व्यवस्था ठप, लोग तंग

**हिसार।** वार्ड नंबर 5 के हरि नगर में सीवरेज व्यवस्था ठप होने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि पिछले लगभग दस दिनों से तो हालत बद से बदत्तर हो गए हैं। क्षेत्र के निचले घरों में तो सीवरेज का पानी घुस जाने से हालात काफी खराब हो गए हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र की गलियों से चलना तो दूर की बात, घरों में रहना भी दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि वे इस समस्या को लेकर पूर्व पार्षद भीम महाजन को भी अवगत करवाया लेकिन हालात ज्यों के त्यों बने हुए हैं। साथ ही लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र इस समस्या का हल नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### ट्रेड यूनियन आज जलाएगी बजट की प्रतियां

**हिसार।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के सांझा मंच के आह्वान पर केंद्र की सरकार की मजदूर विरोधी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ व बजट में मजदूरों को कोई राहत न देने के विरोध में हिसार में कार्यरत ट्रेड यूनियनों इंटक, एटक, सीटू व एआईयूटीयूसी के कार्यकर्ता 5 फरवरी को लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन करते हुए बजट की प्रतियां जलाएंगे।

## बरवाला बाइपास रोड पर लोगों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

# गंदे पानी की निकासी को लेकर लगाया जाम

- राजकीय महाविद्यालय व आसपास के क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से सीवरेज के गंदे पानी से छात्र व क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से जमा सीवरेज के गंदे पानी से परेशान छात्रों व स्थानीय लोगों ने मंगलवार को बरवाला बाइपास रोड पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब एक घंटे रहे जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। बरवाला रोड़ प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब महाविद्यालय के मैदान में मुख्यमंत्री या किसी वीआईपी का हेलिकॉप्टर उतरना होता है, तो प्रशासन तुरंत सफाई करवा देता है, लेकिन आम जनता की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जाता। लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। जाम की सूचना मिलने पर सिसाय पुल चौकी पुलिस व जनस्वास्थ्य विभाग के जेई विक्रम मौके पर पहुंचे और जाम लगा रहे लोगों से बातचीत करते हुए बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण डिस्पोजल पंप पिछले तीन दिनों से बंद है। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों को टैंकरों की मदद से जल्द पानी को निकालने का आश्वासन दिया। और पुलिस ने जाम खुलने पर यातायात सुचारू करवाया।



हांसी। बरवाला रोड़ पर जाम लगाते विद्यार्थी व आसपास के लोग।

### प्रदर्शनकारियों ने यह लगाया आरोप

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि बिजली आपूर्ति बाधित है, तो जनरेटर के माध्यम से सीवरेज की निकासी करवाई जानी चाहिए थी, लेकिन विभाग ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। लोगों का आरोप था कि गंदे पानी के कारण पीने के पानी की सप्लाई भी दूषित हो रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुए रोड जाम को क्षेत्रवासियों ने करीब एक घंटे तक जाम रखा। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जल्द ही नई मोटर और नया जनरेटर लगाकर जल्द गंदे पानी की निकासी का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों ने यह कहते हुए जाम खोल दिया कि यदि जल्द ही गंदे पानी की निकासी नहीं करवाई गई तो फिर से सड़क मार्ग जाम कर दिया जाएगा।



# 'रूज़' बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में मचाएगी धमाल...

**मुंबई।** दिल्ली की रहने वाली स्टूडेंट फिल्ममेकर रिया शुक्ला की खुशी का ठिकाना नहीं है। आखिरकार उनकी शॉर्ट फिल्म 'रूज़' को बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए जो चुना गया है। उनकी इस फिल्म को 75वें बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के जनरेशन केप्लस सेगमेंट में प्रीमियर किया जाएगा। रिया शुक्ला की यह शॉर्ट फिल्म 13 से 23 फरवरी तक बर्लिन में आयोजित होने वाले फिल्म फेस्टिवल में प्रतिस्पर्धा करने वाली 15 फिल्मों में से एक है। न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी स्क्रीनराइटिंग और डायरेक्शन में फाइन आर्ट्स में मास्टर्स कर रहीं रिया शुक्ला ने 'रूज़' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इसका सफर बेहद कमाल का रहा है।

## लाइफ Style

# हुमा
## रास आती हैं 'बिगड़ैल लड़कियां'

गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में अपनी किताब लिखी है, जिसके बारें में चर्चा करते हुए वह बताती हैं कि उन्हें खराब व्यवहार वाली महिलाएं ज्यादा पसंद है। हाल ही में हुमा कुरैशी ने अपनी एक पुस्तक लिखी, जिसका नाम 'जेबा: द एक्सीडेंटल हीरो' है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते रविवार को हुमा ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। अपनी पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसके मुख्य किरदार में एक ऐसी लड़की है, जो किसी को भी आसानी से पसंद आने वाली लड़की नहीं है। हालांकि, हुमा ने अपने आप को भी ऐसी ही लड़की बताया। हुमा कहती हैं, 'मैं महिलाओं को कैसे चलना चाहिए, कैसे कपड़े पहनना चाहिए, कैसे बर्ताव करना चाहिए जैसी बातों को कहे जान से परेशान हो गई हूं।' हुमा कहती हैं कि अपने खुले विचारों को लिखने में उन्हें मक्ति मिली। एक बिगड़ैल लड़की और लोगों के लिए थोड़ा अजीब लगने वाली लड़की को मुख्य किरदार में लिखने में हुमा ने अपने आपको बहुत सहज महसूस किया। वह ये भी बताती हैं कि जब आप अपने असल व्यक्तित्व को लिखना चाहते हैं, तो आपको कई कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ता है। जब व्यक्ति किसी के छोटे से दिमाग में क्या चल रहा है यह पता कर ले तो वह चौंक सकता है, लेकिन उस चीज के सामने आने पर लोगों को आनंद भी मिलता है, इसी से जुड़े विचारों को हुमा आपके सामने लेकर आई हैं। हुमा बताती हैं कि महिलाओं को जिस दिन लिंग भेद से ऊपर उठकर देखा जाने लगेगा, उस दिन से महिलाओं को असली आजादी मिलेगी।



## हॉलीवुड मसाला



# दिलों में बसती हैं रूसों की फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** एंथनी रूसो एक अमेरिकी फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं जो अपने भाई जोसेफ रूसो के साथ मिलकर कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। उनकी फिल्मों ने दुनियाभर में दर्शकों को मोहित किया है। इनमें से कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। भारत में भी उनकी फिल्में काफी ज्यादा धमाल मचा चुकी हैं। उन्होंने 'कैप्टन अमेरिका: द विंटर सोल्जर' (2014) और 'कैप्टन अमेरिका: सिविल वॉर' (2016) जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।



# लतीफा ने पहनी भारतीय डिजाइनर की ड्रेस...

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजेलिस में हुए 67वें ग्रैमी अवार्ड में भारतीय फैशन और शिल्पकला का एक शानदार पल देखने को मिला। इस अवॉर्ड फंक्शन रैपर और अभिनेत्री क्वीन लतीफा डिजाइनर राहुल मिश्रा के ब्लैक डिजाइनर कपड़े में नजर आईं। 67वें ग्रैमी अवॉर्ड विनर क्वीन लतीफा की ड्रेस ने सबका ध्यान खींचा। जब वह राहुल मिश्रा की डिजाइन की ड्रेस में नजर आईं। लतीफा ने ये ड्रेस पहनकर एक भारतीय डिजाइनर को ग्रैमी अवॉर्ड्स में पेश किया। उन्होंने जो ब्लैक ड्रेस पहनी वे थ्री डायमेंशनल डिटेल्स से हुआ था। इस ड्रेस के बारे में खुद डिजाइनर ने बताया है। डिजाइन राहुल मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया कि इस ड्रेस को 12 घंटों में कारीगरों ने मिलकर बनाया है। इस ड्रेस पर लतीफा ने इस लुक को डायमंड नेकलने और लाइट मेकअप के साथ स्टाइल किया।



# 'लवयापा' से हटाए जुनैद के डांस सीन्स

**मुंबई।** जुनैद खान ने एक बुरे डांसर होने की बात स्वीकार की और बताया कि आने वाली फिल्म 'लवयापा' के गाने रहना कोल में उनका हिस्सा तब रद्द कर दिया गया, जब कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें डांस करते देखा। जुनैद खान इस फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत करेंगे। हाल ही में फिल्म से नया गाना जारी हुआ, जिसमें जुनैद और खुशी की परफॉर्मेंस को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। अब जुनैद खान ने खुलासा किया कि वह एक खराब डांसर हैं। 'फराह मैम ने हमारा डांस कैंसिल कर दिया। रिहर्सल के दौरान उनके असिस्टेंट ने हमें स्टेप्स सिखाए, लेकिन जब उन्होंने मुझे परफॉर्म करते देखा तो उन्होंने सिर्फ खुशी का डांस रखने का फैसला किया और मेरा पार्ट कैंसिल कर दिया। उन्होंने मुझे अपने सामने परफॉर्म करने के लिए कहा।



# ग्रैमी अवॉर्ड्स समिति को लगाई फटकार...

**लॉस एंजिल्स।** संगीत की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी अवार्ड्स 2025 का सोमवार को आयोजन हुआ। लॉस एंजिल्स में आयोजित समारोह में बियोंसे से लेकर शकीरा तक को अवॉर्ड्स मिले। इस दौरान उन कलाकारों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, जिनका निधन पिछले साल हुआ था। लेकिन, अफसोस कि भारतीय तबला वादक दिवंगत जाकिर हुसैन का इसमें जिक्र नहीं किया गया। जबकि वह 4 बार ग्रैमी जीत चुके थे। अब सिंगर सामी इस बात से बुरी तरह खफा हो गए हैं। उन्होंने ग्रैमी वालों को लताड़ लगाई है और कहा है कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। बीते साल जाकिर हुसैन का दिसंबर 2024 में निधन हो गया था। सामी ने ग्रैसी से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। उन्होंने सख्त लहजे में आयोजन समिति को फटकार लगाई है।

## टीवी मसाला



# बिग बी फ्रिज में हो गए थे बंद! पड़ी थी बहुत मार...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन आज भले ही बॉलीवुड के शहंशाह हैं। जिंदगी के 82 बसंत देख चुके हैं। लेकिन जैसे हर बच्चा बचपन में शरारती होता है, वैसे ही बिग बी ने भी अपने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के पैतृक घर में खूब उपद्रव किया था। एक बार अपने नटखटपन में वो फ्रिज में बंद हो गए थे और फिर उन्हें बहुत मार पड़ी थी। ये किस्सा उन्होंने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में सुनाया है। जूनियर वीक की शुरुआत 3 फरवरी से हो गई है। यंग कंटेस्टेंट्स ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट चैलेंज में हिस्सा लिया और उनमें से जो जीता, वो हॉट सीट पर बैठा। गेम खेलने के दौरान अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट प्रनूषा थमके से बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वो फ्रिज के अंदर फंस गए थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'जब हम छोटे थे ना, तब ये फ्रिज वगैरह नहीं था। सिर्फ पंखा था। हम लोग सोचते थे कि ये क्या है। हम इलाहाबाद में रहते थे। हमारे पास ऐसे साधन नहीं थे- जैसे एसी वगैरह। तो टेबल फैन के सामने बर्फ का टुकड़ा रख के उसको पीछे से चलते थे तो ठंडी हवा आती थी।' बिग बी ने आगे कहा, 'फिर कुछ सालों के बाद घर में आ गया एक बड़ा सा फ्रिज। उसको खोला तो देखा कि ये बहुत ठंडा है। हम थोड़े छोटे थे। एक दिन हम उसके अंदर घुस गए। किसी को बताया नहीं और दरवाजा हो गया बंद। हमने चिल्लाया। फिर हम निकले, बहुत मार पड़ी हमको।'

# 'सिलेब्रिटी मास्टरशेफ' के जजों ने उषा ताई का खाना टेस्ट करने से किया इनकार...

**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें 'पवित्र रिश्ता' फेम मराठी एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी का खाना टेस्ट करने से जज शेफ ने इनकार कर दिया। हालांकि, लोगों ने इस वीडियो को देखने के बाद उल्टा उषा नंदकर्णी पर अपना गुस्सा उतारा है। पाक कला पर बेस्ड इस शो को फराह खान, विकास खन्ना और रणवीर बरार जज कर रहे हैं। इसी शो के एक एपिसोड की ये झलक हर किसी को हैरान कर रही है। शो मेकर्स ने हाल ही में'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक प्रोमो वीडियो शेयर किया है जिसमें उषा नाडकर्णी के बनाए खाने को टेस्ट करने से जज ने इनकार कर दिया। इस वीडियो में उषा से फराह पूछती हैं कि उन्होंने क्या बनाया है? तो जवाब देते हुए वो बताती हैं- ड्राई चिकन। इसके बाद जज चेक करते हैं तो उषा पूछती हैं- क्या हुआ? फराह ने कहा- पूरा कच्चा है। इसपर रणवीर बरार कहते हैं- हमलोग खाएंगे तो बीमार हो जाएंगे।



# 'कुछ सपने अपने' में दिखेगी प्यार की अनोखी कहानी

**नई दिल्ली।** नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर और कशिश फिल्म फेस्टिवल के फाउंडर श्रीधर रंगायन और सागर गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ सपने अपने' सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म की कहानी बॉलीवुड की लव स्टोरी से काफी अलग और दिल को छू लेने वाली है। फिल्म 'कुछ सपने अपने'लंबे समय अपनी रिलीज का इंतजार कर रही थी। अब यह हिंदी फीचर फिल्म वैलेंटाइन वीक के बाद रिलीज होगी। फिल्म को 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। फिल्म के कुछ महीनों पहले रिलीज हुए ट्रेलर में नजर आया था कि यह कहानी यंग जनरेशन के प्यार और नजरिए को लेकर है। श्रीधर रंगायन और सागर गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ सपने अपने'एक समलैंगिक जोड़े के प्यार की कहानी है। साथ ही इनके प्यार के बीच परिवार की क्या भूमिका है? इस विषय के आसपास ही फिल्म की कहानी कही जा रही है। फिल्म को बहुत ही संवेदनशील तरीके से बनाया गया है।



# थंडेल में दिखाई जाएगी पाकिस्तान में फंसे 22 मछुआरों की असल कहानी

## सुषमा स्वराज के प्रयासों से ही हो सके थे रिहा

**नई दिल्ली।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी अपनी बड़ी रिलीज 'थंडेल' के लिए कमर कस रहे हैं। यह लव-एक्शन-ड्रामा फिल्म 2018 में हुई वास्तविक घटनाओं पर आधारित है जिसमें भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी सेना ने बंदी बना लिया था और उन्हें जेल में डाल दिया था. यह बात सभी जानते हैं कि विदेश मंत्री रहीं सुषमा स्वराज, जो विदेशों में भारतीयों के लिए एक साहसी वकील थीं, ने पाकिस्तान की जेल में बंद 22 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने में अथक योगदान दिया। प्रतिष्ठित नेता के निधन के बाद, उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने उन 22 मछुआरों की वापसी सुनिश्चित की। निर्देशक चंदू मोंडेती आगामी फिल्म 'थंडेल' के साथ इस घटना को बड़े पर्दे पर लाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में सुषमा स्वराज और उनके परिवार के अटूट योगदान को भी दर्शाया गया है। 'थंडेल' के निर्माता बनी वासु ने बांसुरी स्वराज से सुषमा स्वराज के नाम के साथ-साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की वास्तविक फुटेज का उपयोग करने की अनुमति मांगी। इस पर परिवार ने पूरे दिल से उन्हें एनओसी के साथ अनुमति दे दी। अनुमति मिलने पर, बनी वासु ने आभार व्यक्त किया।



## 7 को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली संपादक हैं और श्रीनागेंद्र तंगला कला विभाग का नेतृत्व करते हैं। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित, 'थंडेल' का निर्माण गीता आर्ट्स के बैनर तले बनी वासु द्वारा किया गया है, जिसमें अल्लू अरविंद इसे प्रस्तुत कर रहे हैं। यह फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में उतरेगी और दर्शकों को रोमांच और चरम सिनेमा की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी।

***नागा चैतन्य और साई पल्लवी हैं मुख्य भूमिका में*** : 'थंडेल' में नागा चैतन्य और साई पल्लवी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि संदीप आर वेद एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही नेटिजन्स ने फिल्म की बड़ी रिलीज के लिए अपनी हार्दिक सराहना और शुभकामनाएं दी हैं। प्रभावशाली स्टार कास्ट के साथ इस फिल्म में शानदार तकनीकी दल भी है जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद संगीत की कमान संभाल रहे हैं और शमदत ने छायांकन का काम संभाला है।

# सोनाली से लेकर ताहिरा तक, कैंसर से जंग जीत चुके इन योद्धाओं ने किया लोगों को जागरूक

***नई दिल्ली।*** *4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड के इमरान हाशमी, ताहिरा कश्यप और सोनाली बेंद्रे ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई के प्रति लोगों को जागरूक किया है, क्योंकि इन सभी सितारों ने कैंसर को बहुत करीब से न सिर्फ देखा है, बल्कि उसे मात भी दी है। इन सितारों ने कैंसर के शुरुआत में ही उसे पहचान कर उपचार की बात कहा, जिससे आप अपने अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं।*

## ताहिरा ने कैंसर को उखाड़ फेंकने का काम किया

फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप को 2018 में स्तन कैंसर होने का पता चला था, जिसके बाद उन्होंने इसका शुरुआती लक्षणों को पहचान उपचार शुरू किया और इस असाध्य बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंका। ताहिरा ने सरकार के आयुष्मान भारत और जन आरोग्य जैसी योजनाओं की तारीफ की और कहा इससे आर्थिक स्थिति सही ना होने पर भी लोगों को समय पर कैंसर का इलाज संभव हो पा रहा है। कैंसर रोग के लिए अति शीघ्र उपचार ही जीवित रहने की कुंजी है।



## सोनाली ने भवायह कैंसर को दी पटखनी

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी 2018 में हाई ग्रेड कैंसर से पीड़ित हुई, लेकिन इन्होंने हार नहीं मानी और शुरूआती उपचार और कैंसर से लड़ने की मजबूत इच्छा के कारण इस बीमारी को हरा दिया।

## जब इमरान के बेटे को कैंसर ने जकड़ लिया था

बॉलीवुड के अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि 2014 में जब उनके बेटे के कैंसर के बारे में पता चला तो मैं और मेरा पूरा परिवार टूट गया था। लेकिन मन में मजबूत इच्छा और लोगों के समर्थन के कारण हमने कैंसर से लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने कहा आइए इस कैंसर रोग से हमसभी मिलकर लड़ें, क्योंकि सबका जीवन अमूल्य है।

# 6 को ओटीटी पर रिलीज होगी 'गेम चेंजर'

***नई दिल्ली।*** *राम चरण की 'गेम चेंजर' के ओटीटी अधिकार अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किया है। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने संकेत दिया है की फिल्म की डिजिटल रिलीज की तारीख का बहुत जल्द ही ऐलान किया जाएगा। हालांकि, सोशल मीडिया पर चल रहीं अटकलों के अनुसार, 'गेम चेंजर' का प्रीमियर 6 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर होने की उम्मीद है। हालांकि, इस तारीख को लेकर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। शंकर द्वारा निर्देशित और राम चरण अभिनीत फिल्म 'गेम चेंजर' शुक्रवार, 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि, इस एक्शन एंटरटेनर ने शानदार ओपनिंग ली, लेकिन दूसरे दिन से ही इसका कलेक्शन गिर गया। इसके साथ ही गेम चेंजर अब सिनेमाघरों से विदा लेने वाली है। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 51 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।*



## खबर संक्षेप


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक व ट्रेनर्स।

### क्रेसण्ट स्कूल में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**फतेहाबाद।** शिक्षकों को व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षण विधियों से अवगत करवाने के उद्देश्य से क्रेसंट पब्लिक स्कूल में 2 दिवसीय एक्सपीरियंशियल टीचिंग-लर्निंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या पूनम एवं आमंत्रित ट्रेनर्स पुष्पेन्द्र कुमार राणा, प्रधानाचार्या माता जसवंत कौर मैमोरियल स्कूल, बादल, पंजाब व डॉ. संदीप कुमार, निदेशक आरएंडडी सेल, एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की।

### अवैध पिस्तौल सहित एक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी नाढोडी के रूप में हुई है। थाना भूना में उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना भूना प्रभारी ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई बलजीत सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भूना से कुलां रोड पर जा रही थी तो रास्ते में नाढोडी रोड पर टी प्वाइंट पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया।

### आंदोलन के 1 साल पूरा होने पर होगी महापंचायत

**सिरसा।** भारतीय किसान एकता बीकेई टीम से सुभाष झोरड़ ने कहा कि एमएसपी खरीद गारंटी कानून सहित केंद्र सरकार द्वारा मानी हुई 12 मांगों को लागू करवाने के लिए 13 फरवरी से चल रहे किसान आंदोलन पार्ट-2 के एक साल पूरा होने पर रतनपुरा बॉर्डर पर 11 फरवरी को ऐतिहासिक किसान महापंचायत होगी। जिसके लिए बीकेई टीम ने जिले के गांवों में जनसंपर्क अभियान चला रखा है। झोरड़ ने कहा कि बड़ी सख्या में किसान 11 फरवरी को रतनपुरा बॉर्डर पर पहुंचेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा दोनों फार्मों के सीनियर किसान नेता किसान महापंचायत को संबोधित करेंगे।

### नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया पर्व

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कलचरल क्लब, प्रैस एंड मीडिया कमेटी और इंटर हाऊस कंपीटिशन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के पूजन के साथ किया गया। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि इस पर्व का मनाने का मुख्य उद्देश्य सरस्वती माता की पूजा करना, शिक्षा और बुद्धि की देवी को समर्पित करना, विद्या, बुद्धि, संगीत और कला में समृद्धि में आर्शीवाद मांगना है। छात्राध्यापकों ने रंग बिरंगी पतंगे बनाने के साथ विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाकर उन्हें नई आकृति देकर बोर्ड और कॉलेज प्रांगण के मैदान की सजावट की।

## मात्र 15 दिन में ही कायाकल्प कर दिया

# दिन में जंगल को भव्य पार्क बना दिया जिंदगी संस्था ने, अब सैर करने के लिए आते हैं अफसर

लघु सचिवालय में कन्हैया पार्क में निकलते थे जहरीले जीव, दुर्दशा देखकर लोग दूर से मुंह मोड़ लेते थे।

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। एक माह पूर्व जंगल बना कन्हैया पार्क व कन्हैया पार्क की सफाई में जुटे जिंदगी संस्था के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

लघु सचिवालय के द्वितीय खंड के पास जंगल बने कन्हैया पार्क का जिन्दगी संस्था ने मात्र 15 दिन में ही कायाकल्प कर दिया है। दरअसल इस पार्क की दुर्दशा देखकर नगरपरिषद ने जिंदगी संस्था को नाममात्र दर पर पार्क की दशा सुधारने के लिए गोद दिया था। अब हालात यह है कि पार्क साफ-सुथरा हो चुका है लेकिन फुटपाथ टूटे हुए हैं, वृक्षों के बड़ा होने के बावजूद भी यहां ट्री-गार्ड लगे हुए हैं, जिससे इन वृक्षों का दम घुट रहा है, जिसे ठीक करवाना नगरपरिषद का काम है। हैरत की बात यह है कि जब संस्था ने यह पार्क गोद लिया था तो उस समय कोई नहीं सोच सकता था कि इस पार्क के भी हालात सुधर सकेंगे।

जिंदगी संस्था के प्रधान हरदीप सिंह बताते हैं कि पार्क में से 22 ट्रालियां झाड़ियों की, 28 ट्राली कचरा निकालकर उन्हें दूर फैंका गया है। अब पार्क में नई घास लगाने के लिए जमीन तैयार की जा रही है। मंगलवार को जेसीबी की मदद से यहां वृक्षों की जमीन में दबी जड़ें उखाड़कर इसे घास लगाने के लिए तैयार करने का काम शुरू किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लघु सचिवालय के द्वितीय खंड के पास लोक निर्माण विभाग ने कन्हैया पार्क का निर्माण करवाया था। पार्क बनाने का मकसद यह था कि यहां आने-जाने वाले लोग या कर्मचारी खाली समय में बैठ सकें लेकिन देखभाल व रखरखाव के अभाव में कुछ सालों में ही पार्क ने जंगल का रूप ले लिया। जहरीले सांप, कीट और पार्क के जंगल रूपी आवरण के कारण यहां लोग जाने से डरने लगे थे। नगरपरिषद ने इस पार्क की हालात सुधारने के लिए इसे जिंदगी संस्था को गोद दे दिया। इसकी एवज में मात्र 4 रुपये 44 पैसे प्रति मीटर का मेहनताना मिलता है। कन्हैया पार्क को जिंदगी संस्था की टीम ने कुछ दिन ही दिनों में फिर से सुंदर पार्क बना दिया है। इस पार्क को साफ करने के लिए जिंदगी संस्था टीम के 15 सदस्यों ने मिलकर मेहनत की। 15 दिन की मेहनत के बाद इस पार्क को लोगों के घूमने लायक बना दिया। इस पार्क की सफाई करने के दौरान 22 ट्रॉली झाड़ियां व 28 ट्रॉली कचरा निकाला गया है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्क की हालत क्या होगी। विभागों के जो कर्मी और अधिकारी पार्क में आने से डरते थे अब सुबह सैर करने लगे हैं।

### 50 ट्रालियां कचरा बाहर निकाला गया : हरदीप सिंह

जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह ने बताया कि यहां हालात इतने खराब थे कि उन्हें करीब 50 ट्रालियां कचरा निकालकर बाहर फैंका गया। संस्था के सदस्य दिन-रात स्वयं कार सेवा करते रहे। अब पार्क साफ है तो जमीन में दबी वृक्षों की जड़ें निकाली जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने नगरपरिषद से जेसीबी ली है। ईंधन का खर्च संस्था द्वारा वहन किया जा रहा है। इसके बाद पार्क में नए वृक्ष और घास लगाई जाएगी। पार्क की साफ-सफाई के लिए 4 कर्मचारी रखे हुए हैं वहीं एक माली भी लगाया गया है। पार्क में फुटपाथ के लिए डी-प्लान से 20-25 लाख की राशि स्वीकृत हो चुकी है। वृक्षों पर लगे ट्री गार्ड हटाकर नए छोटे पौधों पर लगाए जाएंगे।


रतिया। प्रधान पद के लिए नामांकन भरते एडवोकेट वेद कम्बोज।

### बार एसोसिएशन चुनाव के लिए प्रधान पद के लिए वेद कम्बोज ने भरा नामांकन

**रतिया।** बार एसोसिएशन रतिया के पदाधिकारियों के 28 फरवरी को होने वाले चुनावों को लेकर मंगलवार को प्रधान पद के लिए वेद कम्बोज ने नामांकन भरा। मुख्य चुनाव अधिकारी राजकुमार गर्ग ने बताया कि 28 फरवरी को बार एसोसिएशन रतिया के प्रधान, उपप्रधान सचिव, वित्त सचिव, कोषाध्यक्ष सहायक व सचिव सहित पांच पदों के चुनाव होंगे। जिसके लिए सोमवार से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई तथा चुनाव प्रक्रिया के पहले दिन उप प्रधान पद के लिए नेहा जसूजा , वित्त सचिव के लिए राधेश्याम मशाल ने नामांकन किया है। इस अवसर पर चुनाव ऑब्जर्वर बलवंत सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट तरुण जैन, राम चंद्र अलीकां, संदीप सिंह मेहरोक, नरेश अरोड़ा, गुरजंट सिंह भी मौजूद थे। चुनाव कमेटी ने बताया कि 5 फरवरी तक चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवारों के नामांकन जमा करवाए जाएंगे। 6 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल व उसी दिन शाम 4 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे तथा इस वर्ष रतिया बार के चुनाव में 287 वकील अपना मतदान करेंगे।

# रतिया में एक्सईन के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


रतिया। एक्सईन के खिलाफ प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता के तानाशाही रवैये के खिलाफ आज आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा सब डिवीजन कार्यालय पर शुरू किए गए प्रदर्शन के दूसरे दिन भी गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया। इस गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब अर्बन सब यूनिट के प्रधान सतपाल सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव प्रेम शर्मा ने किया। गेट मीटिंग के दौरान बिजली कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य पदाधिकारी विष्णु ने कहा कि फतेहाबाद डिवीजन के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता द्वारा पिछले काफी समय से कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रिकवरी के मामले में फतेहाबाद डिवीजन पूरे हरियाणा में टॉप पर है, उसके बावजूद कार्यकारी अभियंता रिकवरी को लेकर कर्मचारियों को नोटिस निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि कच्चे कर्मचारियों की सैलरी में भी अंतर आ रहा है।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामान्य ज्ञान

**भूना।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद फतेहाबाद के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिब्बी में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टिब्बी स्कूल में सरपंच प्रतिनिधि सुनील सहारण व धौलू स्कूल में प्रवक्ता हरविंदर सिंह बागड़ी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, जबकि एबीवीपी जिला संयोजक बलविन्द्र ढकरवाल ने संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इकाई अध्यक्ष कृष्ण कुमार धौलू ने की। जिला संयोजक बलविन्द्र ढकरवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की दिव्यता, नैतिकता, पूर्व-पश्चिम का जुड़ाव व एकता की भावना विश्व के लिए वास्तविक संपत्ति है।

# विकास कार्यों में गड़बड़झाला नहीं होगा बर्दाश्त

■ उपमंडल अधिकारी ने ली कर्मचारियों व सरपंचों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना


भूना। अधिकारियों व ग्राम सचिव तथा सरपंचों को संबोधित करते हुए एसडीओ दलबीर सिंह।

पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में दूसरे चरण में बनाए जा रहे अमृत सरोवर ओर अन्य विकास कार्यों में सामग्री एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्वक तरीके से किया जाना चाहिए। यह बात मंगलवार को पंचायती राज विभाग के उप मंडल अधिकारी दलबीर सिंह ने ब्लॉक स्तरीय बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों तथा सरपंचों को संबोधित करते हुए कही। बैठक में विशेष कर के ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिव, ठेकेदारों और कनिष्ठ अभियंताओ को हिदायत दी गई। एसडीओ ने कहा कि अमृत सरोवर ओर ग्राम पंचायतों के विभिन्न निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही एंव गड़बड़झाले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए टेंडर मुताबिक निर्धारित सामग्री का उपयोग करवाकर गुणवत्ता पूर्वक निर्माण परिपूर्ण करवाए। उन्होंने बताया कि पहले चरण में विभिन्न गांवों में बनाए गए अमृत सरोवर की साफ-सफाई का अभियान भी मनरेगा के माध्यम से चलाया जाएगा, जिससे मनरेगा के मजदूरों को काम मिल सकेगा। एसडीओ दलबीर सिंह ने अमृत सरोवर योजना के तहत जोहड़ों के सौन्दर्यीकरण को लेकर मौके पर टीम के साथ जाकर निरीक्षण किया। अमृत सरोवर योजना के तहत निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर फोकस रखें।



सिरसा। अभियान की जानकारी देते कुलदीप सिंह।

### यात्री कृपया ध्यान दें अभियान की हुई भव्य लॉचिंग

**सिरसा।** ब्रह्माकुमारीज इश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्थानीय आनंद सरोवर परिसर में यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा यात्री कृपया ध्यान दें अभियान की शानदार लॉचिंग की गई। कार्यक्रम में मोटर वहिकल ऑफिसर कुलदीप सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि तहसीलदार भुवनेश मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा प्रभाग की चेयरपर्सन राजयोगिनी दिव्यप्रभा, वाइस चेयरपर्सन बीके सुरेश, राष्ट्रीय संयोजक बीके कविता, मुख्यालय संयोजक बीके कमल, साइंस एंड इंजिनियर्स प्रभाग के दिल्ली जोनल कोर्डिनेटर बीके पीयूष, सिरसा सर्कल की मुखिया बीके बिंदू आदि मौजूद थे। बीके बिंदू ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा जारी यह अभियान हरियाणा तथा पंजाब के विभन्न स्थानों से होता हुआ 11 फरवरी को बठिंडा में संपन्न होगा। मुख्यातिथि कुलदीप सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करवाना आम व्यक्ति की जीवन सुरक्षा के लिए जरूरी है। इसलिए सभी को जीवन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भुवनेश मेहता ने कहा कि सभी को जागरूक रहकर जीवनमूल्य को समझना चाहिए।

# छात्रों को कामयाब बनाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। विश्वविद्यालय में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

जेसीडी मेमोरियल कॉलेज ने इस वर्ष भी कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर शानदार अंक प्राप्त करके कॉलेज का नाम रोशन किया है। बीसीए की छात्रा गुनगुन ने परीक्षाओं में 86.50 फीसदी अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में टॉप किया है। इसके अलावा, बीसीए की ही छात्रा रिद्धिमा ने विश्वविद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त किया है जबकि याशिका ने दसवां स्थान हासिल किया है। विद्यापीठ के डायरेक्टर जनरल डॉ. जयप्रकाश ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जेसीडी मेमोरियल कॉलेज हमेशा से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक पहुंचाना नहीं है, बल्कि उन्हें कामयाब बनाना भी है। जेसीडी विद्यापीठ के रजिस्ट्रार डॉ. सुधांशु गुप्ता, प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल, डॉ. अमरीक गिल व विभागाध्यक्ष श्री मती सारिका भी मौजूद थी। प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से कॉलेज का नाम रोशन किया है। उन्होंने विभाग अध्यक्ष सारिका व अन्य प्राध्यापकगणों को भी उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की। विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने प्राध्यापकों को दिया व जेसीडी प्रबंधन को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।



### विज्ञान प्रदर्शनी में भूमिका का मॉडल रहा प्रथम

**सिरसा।** एमआरएस हाई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में अनेक छात्रों ने अपने विज्ञान प्रोजेक्ट्स और प्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन स्कूल के प्रबंध निदेशक राजकुमार अरोड़ा ने किया और छात्रों को उनके प्रोजेक्टस के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढऩे की प्रेरणा मिलती है। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न विज्ञान विषयों जैसे कि भौतिकी रसायन, जीव विज्ञान और गणित पर आधारित अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया, जैसे कि ऊर्जा संचयन, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और चिकित्सा। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स को आकर्षक और जानकारीपूर्ण बनाने के लिए विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया, जैसे कि मॉडल, चार्ट एवं ग्राफ आदि। इस प्रदर्शनी में छात्रों के प्रोजेक्ट्स को देखने के लिए स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों के अतिरिक्त स्थानीय समुदाय के लोग भी आए। मुख्याध्यापिका रितु अरोड़ा ने प्रदर्शनी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छात्रों ने कड़ी मेहनत करके अपने प्रोजेक्ट्स को तैयार किया।

# शिशुओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए स्तनपान सबसे अच्छा प्राकृतिक-पौष्टिक आहार : सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना


भूना। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्ची की लंबाई नापते हुए सुपरवाइजर व आंगनवाड़ी वर्कर।

मानव शरीर को स्वस्थ एवं क्रियाशील बने रहने के लिए उचित पोषण की आवश्यकता होती है। पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार के आभाव में बच्चों का शारीरिक विकास प्रभावित होता है। इसके साथ-साथ मानसिक एवं सामाजिक विकास भी ठीक तरह से नही हो पाता है। यह बात महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भूना की सुपरवाइजर सपना पाबड़ा ने मंगलवार को भूना के वार्ड नंबर 11और 12 की आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं को जागरुक करते हुए कही। कार्यक्रम में दो बेटियों के जन्म दिवस पर केक काटकर आशीर्वाद दिया गया। सुपरवाइजर सपना पाबड़ा की मौजूदगी में बच्चों का वजन किया और लंबाई नापी गई। सुपरवाइजर ने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि कुपोषण से बचने के लिए पोषित आहार की आवश्यकता होती है, मगर पोषित आहार की सबसे ज्यादा जरूरत शिशुओं को होती है जिसका मुख्य कारण है यह है कि यह समय उनके शारीरिक वृद्धि और उनके विकास का समय है। शिशु को पहले छह महीनों तक केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए और प्रसव के बाद 30 मिनट के भीतर स्तनपान कराना चाहिए तथा पहले दूध (कोलोस्ट्रम) को त्यागना नहीं चाहिए, क्योंकि यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी बेटों की तरह संस्कार और सम्मान देना चाहिए।

**सुनवाई** 10 बजे से 12 बजे तक मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लग रहे

# शिविर में 4 में से एक शिकायत का निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एडीसी राहुल मोदी।

सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर एक शिकायत का समाधान किया गया जबकि शेष समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों में नागरिक अपनी समस्याएं दे सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से जिला में समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविर में मुख्यतयाः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड संबंधित समस्याएं सुनी जा रही हैं।

### समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

**सिरसा।** लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में डीडीपीओ बलजीत सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ बलजीत सिंह ने बताया कि समाधान शिविर में मौके पर तीन शिकायतें पंजीकृत की गई जिनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर के अलावा उनके कार्यालय में आने वाली समस्याओं को भी प्राथमिकता से लें और उनका निवारण करें ताकि आमजन को सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## खबर संक्षेप

### रेल लाइन बजट पास करने के निर्णय का स्वागत

**हिसार।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने हिसार-अग्रोहा-सिरसा रेल लाइन बजट पास करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द इस लाइन पर कार्य शुरू करें ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न उठानी पड़े। केंद्र सरकार द्वारा जारी वित्त वर्ष बजट में हिसार से अग्रोहा, फतेहाबाद, सिरसा रेल लाइन को मंजूरी देते हुए 410 करोड़ का बजट पास किया है। इससे पूर्व रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव ने यह लाइन मंजूरी की घोषणा की थी।

### बुडिया की अग्रिम जमानत पर सुनवाई आज

**हिसार।** आदमपुर की एक युवती से दुष्कर्म के आरोपी राजस्थान वासी अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया ने हिसार न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई है। इसकी सुनवाई 5 फरवरी को होगी। विदित है कि आदमपुर थाने में मामला दर्ज होने क बाद पुलिस ने देवेन्द्र बुड़िया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए हरियाणा व राजस्थान में कई जगह छापेमारी की है। गिरफ्तारी से बचने के लिए देवेन्द्र बुड़िया ने जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की है। मामले के अनुसार आदमपुर की एक युवती ने आदमपुर पुलिस थाने में देवेन्द्र बुड़िया के खिलाफ दुष्कर्म करने व परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिछले दिनों केस दर्ज करवाया था। इस मामले में अभी तक देवेन्द्र बुड़िया की गिरफ्तारी नहीं हुई है और पीड़ित परिवार लगातार उसकी गिरफ्तारी की मांग कर रहा है।




### कुंभ में नहाने गए बहू बेटे संग परिवार

**हिसार।** प्रेरणा परिवार की मासिक काव्य गोष्ठी क्रांतिमान पार्क में शुभकरण गौड़ की अध्यक्षता में हुई। जयभगवान लाडवाल के संचालन में हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सरदानंद राजली शामिल हुए। मंगलवार को हुई इस काव्य गोष्ठी में जयभगवान लाडवाल ने काव्य पाठ करते हुए सुनाया कि 'कुंभ में नहाने गए बहु बेटे संग परिवार, मात-पिता पड़े खाट में दोनों सख्त बीमार, दोनों सख्त बीमार हार के रुक्का मारे, अगड़ पड़ोसी आके टुक अर चा दे जावैं।' ऋषि सक्सेना ने कहा कि 'फूलों की सुगन्ध का, सांसों की शरीर का, मां के प्यार का जीवन में मोल नहीं।' रचनाकार वीरेन्द्र ने सुनाया कि 'हकीकत की हकीकत को हकीकत में बदल देंगे, चाहत की चाहत को चाहत में बदल देंगे।

### गांव आदमपुर में जाम्भाणी हरि कथा कल से

**मंडी आदमपुर।** गांव आदमपुर के पश्चिम पाना स्थित श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर में साप्ताहिक जाम्भाणी हरि कथा का आयोजन छह से 12 फरवरी तक किया जाएगा। बिश्नोई सभा के प्रधान कैलाश ज्याणी व सचिव कृष्ण बैनीवाल ने बताया कि बिश्नोई समाज के सुप्रसिद्ध विद्वान संत परम पूज्य आचार्य डाक्टर गोवर्धन राम शिक्षा शास्त्री के श्रीमुख से श्रोताओं को कथा श्रवण करवाएंगे।

## अधिकारी नशा से सबसे अधिक प्रभावित गांवों का करें दौरा

# नशा मुक्ति अभियान की दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला प्रशासन की ओर से नशा मुक्ति अभियान को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनीश यादव ने की। बैठक में जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए एक विस्तृत योजना पेश की गई और अधिकारियों को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि नशा पीड़ितों की काउंसलिंग और नशे के व्यापारियों को ट्रेस करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस फॉर्म में स्वास्थ्य विभाग, नशा मुक्ति केंद्र संचालक और पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक जानकारी भरी जाएगी। इस डाटा के विश्लेषण के आधार पर सबसे अधिक प्रभावित गांवों पर फोकस किया जाएगा। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने उपमंडल में स्थित नशा से सबसे अधिक प्रभावित गांवों का दौरा करें और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा के आधार पर नशा पीड़ितों की पहचान करें। साथ ही, उनकी काउंसलिंग करें और नशे के स्त्रोत पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।



**हिसार।** एनकॉर्ड बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे उपस्थित

एनकॉर्ड बैठक में एएसपी डॉ राजेश कुमार मोहन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप सिंह नरवाल, बरवाला तहसीलदार राजेश गर्ग, जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार, डॉ प्रभु दयाल, डीईटीसी तरुणा लांबा, डॉ गरिमा दहिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशे से प्रभावित 483 लोगों का डाटा वेरीफाई में मिला सही

नागरिक अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी उप-सिविल सर्जन डॉ. सुशील गर्ग ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा जिले में नशे से प्रभावित 483 लोगों का डाटा वेरीफाई करने उपरांत सही पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग का फोकस इन लोगों की काउंसलिंग करके उन्हें नशे से मुक्त कराने पर होगा। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिए कि वे ग्राम सचिव, सरपंच, पटवारी, चौकीदार, स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग की टीम के साथ मिलकर ड्रग से प्रभावित गांवों में लोगों की स्क्रीनिंग करें और उनकी सभी जानकारी निर्धारित गूगल फॉर्म में जमा करें।

## न्यूज डायरी



**हिसार।** लुवास में भ्रमण पर जाते दयानंद कॉलेज के विद्यार्थी व शिक्षक

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने किया लुवास का शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लुवास के एनिमल बायोटेक्नोलॉजी विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के लिए करवाया। शै शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने मंगलवार को सभी विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को एक्सपीरियंस लर्निंग के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों, औद्योगिक संस्थानों में फील्ड विजिट के लिए भेजा जाता है। बीएससी बायोटेक्नोलॉजी द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने डॉ. राजरानी व डॉ. रितु सहारण के नेतृत्व में एनिमल बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार की तकनीकों व उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### आनंद निकेतन सीनियर सेकेंडरी के बच्चों ने मारी बाजी

**हांसी।** प्राईवेट स्कूल संघ हांसी द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज बोर्ड पाठ्यक्रम प्रतियोगिता का मंगलवार को परिणाम घोषित किया गया। प्रधान रविन्द्र अत्री ढंढेरी ने बताया कि हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 27 जनवरी को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रत्येक विद्यालय से एक ग्रुप का भाग लेना अनिवार्य था। प्रतियोगिता में 205 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निदेशक प्रवीण अग्रवाल ने निष्पक्ष तरीके से प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में आनन्द निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसी की छात्रा आस्था प्रथम, अमर ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मेहन्दा की छात्रा शीतल द्वितीय तथा शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी की छात्रा प्राची व आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल डाटा की छात्रा सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप पॉजिशन में प्रथम स्थान आनन्द निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रथम, शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी द्वितीय तथा आनन्द निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसी ने तृतीय स्थान ने हासिल किया।

## 38वें इंटर यूनिवर्सिटी नोर्थ-वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल 8 को

**हिसार।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय एव भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित होने वाले 38वें इंटर यूनिवर्सिटी नोर्थ-वेस्ट जॉन यूथ फेस्टिवल विरसा गूंज की सभी तैयारियां की जा रही है। ओएसजीयू विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल एवं प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल इस भव्य प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि इस बार एआईयू ने इस भव्य समारोह के लिए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय को मेजबानी का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि यह पांच दिवसीय भव्य आयोजन तीन राज्यों राज्यस्थान, हरियाणा एवं दिल्ली के युवा कलाकारों और प्रतिभागियों के लिए विविध विधाओं में अपना कोशल प्रदर्शित करने का बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एनपी कौशिक ने खुशी जताते हुए बताया कि विरसा गूंज की आग़ाज़ 8 फरवरी को शोभा यात्रा के साथ होगा। प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया समारोह 8 फरवरी से 12 फरवरी तक चलेगा और इस भव्य समारोह के दौरान हरियाणवी, राजस्थानी और वेस्टर्न कल्चर के अलग अलग रंग और सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन करने के लिए लगभग 150 से अधिक विश्वविद्यालयों को आमंत्रित किया है। यूथ फेस्टिवल के आयोजन सचिव डॉ राकेश धीमान ने दी जानकारी।

## पाइपलाइन से तेल चोरी रोकने का रोड मैप तैयार

- तेल पाइपलाइन की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और एचपीसीएल के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पुलिस जिला हांसी के नारनौंद और बास क्षेत्र से होकर गुजरने वाली हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की रामामंडी-रेवाड़ी-कानपुर भूमिगत तेल पाइपलाइन की सुरक्षा एवं लगातार निगरानी के संबंध में मंगलवार को नारनौंद के डीएसपी कार्यालय में सुरक्षा समंवय बैठक का आयोजन कर तेल पाइप से चोरी न हो इसके लिए पूरा रोड मैप तैयार किया गया। उप पुलिस अधीक्षक राज सिंह लालका सहित अन्य पुलिस अधिकारी के साथ एचपीसीएल के अधिकारियों ने तेल पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में एचपीसीएल के अधिकारियों द्वारा पाइपलाइन एवं इसकी सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एचपीसीएल द्वारा पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए एचपीसीएल व पुलिस के आपसी सहयोग व लगातार तालमेल बनाए रखने के संबंध में बैठक में निर्णय लिया गया। जिसमें पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने व चोरी के मामले में तुरंत मौके का मुआयना करने, जांच रिपोर्ट, आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने तथा इन मामलों पर त्वरित जांच की कार्रवाई पर भी बैठक में चर्चा की गई। उप पुलिस अधीक्षक नारनौंद द्वारा एचपीसीएल के अधिकारियों को पुलिस जिला हांसी की तरफ से तेल पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए पूर्णतया सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।



**नारनौंद।** डीएसपी कार्यालय में बैठक करते कंपनी के अधिकारी व पुलिस कर्मचारी।

### शांति निकेतन पब्लिक स्कूल की छात्रा पारुल राज्य स्तरीय निबंध लेखन में शानदार प्रदर्शन

**मंडी आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा पारुल ने हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति और हरियाणा विज्ञान मंच द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में शीर्ष 3 में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस सफलता पर विज्ञान शिक्षक संदीप महिया और विद्यालय के डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई ने पारुल को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी ने भी पारुल की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों के मानसिक विकास को बढ़ावा देती हैं और उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।



शांति निकेतन स्कूल के बच्चों बच्चों को सम्मानित करते हुए स्टाफ व अतिथि

### दयानंद कॉलेज में स्टाफ सदस्यों के जन्म माह पर हवन का आयोजन

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय महाविद्यालय की आर्य समाज समिति की ओर से फरवरी मास में जन्में महाविद्यालय के शिक्षकों तथा गैर-शिक्षकों के मंगलमयी जीवन तथा सुख-समृद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरवरी मास में जन्में महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. यशु राय, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. माया, रविन्द्र कुमार, विकासवीर, सोनम, पूनम देवी, अंजू, सुमित ढांडा, प्रियंका बोस, डॉ. सविता, बबीता तथा गैर-शिक्षकगण ठाकुर सिंह, हरीश चन्द्र, सतीश कुमार, पार्वती आर्या, मनोज कुमार यादव, सोमवीर, सुनील, प्रदीप व किरन को यजमान की भूमिका के लिए आमंत्रित किया गया। मंगलवार को यज्ञ कुण्ड की पवित्र अग्नि, मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों का अनुसरण करते हुए समीति की संयोजिका डॉ॰ मोनिका कक्कड़ ने हवन आरम्भ किया।



**हिसार।** जन्म माह पर आयोजित हवन में बैठे यजमान व स्टाफ सदस्य।

## रेलवे लाइन की मंजूरी देना सहरानीय कदम : गर्ग

**हिसार।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों एक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने की मंजूरी देने पर खुशी जाहिर की। गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्षो पुरानी मांग पर हिसार-अग्रोहा- सिरसा 93 किलोमीटर रेलवे लाइन की मंजूरी देना सहरानीय कदम है। केंद्र सरकार ने अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए 410 करोड़ रुपये मंजूर करना स्वागत योग्य है। गर्ग ने केंद्र सरकार से अपील कि है कि वह अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने का काम तुरंत प्रभाव से शुरू करे जबकि हिसार- अग्रोहा- सिरसा को रेलवे लाइन से जोड़ने की घोषणा अग्रोहा धाम के वार्षिक मेले में तीन पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा की जा चुकी है। पहले पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, सुरेश प्रभु, पीयूष गोयल द्वारा घोषणा की गयी है और पिछले वार्षिक बजट में भी अग्रोहा को रेलवे लाइन से जोड़ने को घोषणा हुई थी मगर किसी कारण हिसार- अग्रोहा- सिरसा रेलवे लाईन का काम शुरू नहीं हुआ। इस अवसर पर ऋषि राज गर्ग, आनंद गोयल, पवन गर्ग, निरंजन गोयल, चूड़िया राम गोयल अनंत अग्रवाल, रवि सिंगला, ईश्वर सेठ, संदीप कुमार, अनिल अग्रवाल, नरेश गुप्ता, रेनू अग्रवाल, नितिन मंगल, अनिल कुमार, अंकित अग्रवाल, हरिराम आदि मौजूद रहे।



## बजट में किए गए नए प्रावधानों से लाखों लोगों को मिलेगा सीधा लाभ : सीए गुप्ता

**हिसार।** टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा बजट पर आधारित सेमिनार का आयोजन करके बजट के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया गया। लजीज होटल में आयोजित इस सेमिनार में इंडियन रेवेन्यू सर्विस के अंतर्गत कार्यरत आईआरएस वेदप्रकाश मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीए विनोद गुप्ता ने बजट के अलग-अलग पहलुओं से बखूबी रूबरू करवाया। इस दौरान आईआरएस रघुबीर सिंह बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सीए विनोद गुप्ता ने स्वास्थ्य सुविधाओं, रोजगार, एफडीआई, नए स्टार्टअप व ज्यादा कमाई पर बचत के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। इसी भांति उन्होंने सीनियर सिटीजन, महिलाओं, विद्यार्थियों व किसानों के लिए बजट में की गई घोषणाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आयकर छूट की सीमा बढ़ाने एवं नए उद्योगों की स्थापना से संबंधित योजनाओं का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यमवर्ग को काफी लाभ मिलेगा। इस बजट में विवादित मामलों को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। मुख्यातिथि आईआरएस वेद प्रकाश ने बजट को जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने ऊर्जा, पर्यटन, एविएशन, डिफेंस, शिक्षा सुविधा व निर्यात से संबंधित विविध आयामों पर प्रकाश डाला। इस दौरान आईआरएस रघुबीर सिंह ने भी बजट के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए। इससे पूर्व सेमिनार के दौरान टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप कुमार जैन और उप-प्रधान राजेंद्र प्रसाद (जीएसटी) व उप-प्रधान सतपाल गोयल (इनकम टैक्स) ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव आदिश जैन, सह सचिव संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल व कार्यकारी सदस्य जगदीश लाल धमीजा, आलोक जैन व रमेश जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## यूजीसी की नई गाइडलाइन के अनुसार हो रहे पीएचडी के दाखिले



**हिसार।** पीएचडी दाखिला पोर्टल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विंटर टर्म 2024-25 के पीएचडी दाखिलों के शैड्यूल की घोषणा कर दी गई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दाखिला पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर, तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, डीन रिसर्च एंड डवेल्पमेंट प्रो. नीरज दिलबागी, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला व पीडीयूसीआईसी के निदेशक मुकेश अरोड़ा उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मंगलवार को बताया कि इस बार पीएचडी के दाखिले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई गाइडलाइन के अनुसार हो रहे हैं। इस बार पीएचडी के लिए केवल वे ही आवेदक योग्य हैं, जिन्होंने यू जी सी - ने ट / यू जी सी - सीएसआईआर/नेट, वैलिड यूजीसी-नेट (जेआरएफ)/यूजीसी-सीएसआईआर-नेट (जेआरएफ) डीबीटी/आईसीएमआर/(जेआरएफ), आदि की परीक्षा उत्तीर्ण कर रखी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है। 19 फरवरी को दाखिले के लिए साक्षात्कार होगा जबकि 21 फरवरी को विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए इन आवेदकों की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

### डॉ. नागेश महर्षि ने संभाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीसवाल में एसएमओ का कार्यभार

**मंडी आदमपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सीसवाल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) के रूप में डॉ. नागेश महर्षि ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला हिसार अध्यक्ष अनिल कुमार जनागल ने डॉ. महृषि का फूलों का बुके भेंट कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने मंगलवार को बताया कि डॉ. नागेश महर्षि इससे पूर्व सिरसा के ऐलनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब उनका स्थानांतरण हिसार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीसवाल में किया गया है। डॉ. नागेश इससे पहले सिविल अस्पताल हिसार में एनेस्थेटिस्ट के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं और अपने उत्कृष्ट कार्य से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. मोनिका, एएनएम सुमन, ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर मोहन, नर्सिंग स्टाफ अनिल सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**मंडी आदमपुर।** एसएमओ डॉ. नागेश महर्षि का स्वागत करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

### हकृवि में तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का समापन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का मंगलवार को सम्पन्न हो गई। पुस्तक प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के अलावा शहरवासियों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। पुस्तक प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि पुस्तकें इंसान की सच्ची मित्र होती हैं। इसलिए इनके गहन अध्ययन से न केवल मन को एकाग्रता मिलती है बल्कि व्यक्ति का मानसिक व अध्यात्मिक विकास भी होता है।
विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव पटेरिया ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में देश के जाने माने 16 पब्लिशर्स ने विभिन्न विषयों से संबंधित 8 हजार पुस्तकें प्रदर्शित की। इस प्रदर्शनी में कृषि विज्ञान, गृह विज्ञान, खाद्य विज्ञान एवं तकनीकी, नैनो टैक्नॉलोजी, बायोटैक्नॉलोजी, कृषि व्यवसाय, मत्स्य विज्ञान, प्रतियोगी एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बलवान सिंह, डॉ. सीमा परमार व डॉ. भानू प्रताप भी मौजूद रहे।

## बनभौरी मामले के जेल में बंद आरोपी वीरसिंह की जमानत याचिका खारिज

प्रवासी मजदूरों की तरफ़ से एडवोकेट बजरंग इंदल हुए न्यायालय में पेश

- भीम आर्मी के दखल के बाद जिला प्रशासन ने ली थी पीड़ित मजदूरों की सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एडीजे डॉ. गगनदीप मित्तल की अदालत ने जिले के गांव बनभोरी के नवरात्र मेले में दिहाड़ी पर बुलाए गए 11 प्रवासी मज़दूरों के साथ हुई मारपीट मामले के जेल में बंद आरोपी वीर सिंह चहल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। घटना के बाद से करीब चार महीने से जेल में बंद आरोपी वीर सिंह ने 31 जनवरी को जिला न्यायालय में अपनी जमानत याचिका दायर की थी। मामले के अनुसार बरवाला क्षेत्र के गांव बनभोरी में माता भ्रामरी देवी के मंदिर पर नवरात्रों मेले में आरोपी ठेकेदार सतीश ने यूपी और उत्तराखंड से 11 मजदूरों को अपनी मेले की दुकानों पर प्रसाद बेचने की दिहाड़ी पर बुलाया था। मेला समाप्ति के बाद जब मजदूरों ने ठेकेदार से अपना हिसाब किताब करने को कहा तो ठेकेदार सतीश और इनके आदमियों ने व्यापार में घाटा बताकर इन प्रवासी मजदूरों को बंधक बनाकर इनके साथ मारपीट और बर्बरता की थी। इतना ही नहीं आरोपियों ने इन बंधक मजदूरों को छोड़ने की एवज में मजदूरों के परिवारों से पांच-पांच लाख रुपये की डिमांड कर दी थी।

### कार्रवाई की गई

पीड़ित प्रवासी मजदूरों की तरफ़ से न्यायालय में पैरवी कर रहे एडवोकेट बजरंग इंदल ने मंगलवार को बताया की वीर सिंह चहल की जमानत याचिका न्यायालय ने दोनों पक्षों की कड़ी बहस सुनने के बाद खारिज कर दी है। इससे पहले इन प्रवासी मजदूरों के साथ बंधक बनाकर बर्बरता करने वाले मुख्य आरोपी ठेकेदार सतीश ने जिला न्यायालय में और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में अग्रिम याचिका दायर कर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास किया था लेकिन हाईकोर्ट से आरोपी सतीश को राहत नहीं मिली थी और इसकी अग्रिम जमानत याचिका क्रमशः 18 अक्टूबर को हिसार कोर्ट से और 14 नवंबर को हाईकोर्ट से खारिज हो गई थी। घटना के बाद मौके से गिरफ्तार आरोपी बसाऊं की जमानत याचिका 6 नवंबर को और जेल में बंद सह आरोपी सेवा सिंह और सतबीर की जमानत याचिका भी 16 दिसंबर 2024 को खारिज की जा चुकी है।

## फ्रेंडस क्लब ने भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संदूजा का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा का स्वागत किया गया। यह स्वागत पूर्व विधायक वेद नारंग के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश कथूरिया, सोमू रहेजा, सन्नी मेहता, डॉक्टर अमित रहेजा, हरीश मदान, विक्कल सरदाना, राजेश मनुजा, पवन तनेजा, प्रदीप कथूरिया, अनिल काठपाल, गौरव कथूरिया, बिन्नी चुघ, मोहित असीजा, संजय ढींगडा व हरीश कथूरिया आदि मौजूद रहे।




**बरवाला।** भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा का स्वागत करते पूर्व विधायक वेद नारंग समेत फ्रेंड्स क्लब के पदाधिकारी

ग्राम पंचायत ढाणी मोहब्बतपुर
खण्ड आदमपुर, जिला हिसार
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ढाणी मोहब्बतपुर में ग्राम पंचायत के श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल, बस स्टैंड का बरामदा व मेन रोड से डा. हंस राज के घर तक ईंटो की गली की नीलामी दिनांक 10.02.2025 को सोमवार सुबह 11.00 बजे ढाणी मोहब्बतपुर ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता 10 हजार रुपये की सिक्योरिटी जमा करवा कर बोली में हिस्सा ले सकता है। शेष शर्तें मौके पर बताई जाएगी।
ग्राम सचिव अजीत सिंह 9416040607
सरपंच : कविता ग्राम पंचायत ढाणी मोहब्बतपुर, 9896323706